आई टी एल पब्लिक स्कूल

पुनरावृति अर्धवार्षिक कार्यपत्रिका उत्तरकुँजी (**2026-27**)

विषय- हिंदी

दिनांक ः | कक्षा ः पंचम ____

समय ः **2** घंटे | कुल अंक ः **50**

नाम ः _____ | रोल नंबर ः ______

सामान्य निर्देश- **1**) इस अभ्यास कार्यपत्रिका में **3** पृष्ठ , **4** भाग और कुल **15** प्रश्न हैं।

**2**) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**3**) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क - पठन कौशल | **5** |
|---|---|---|
| प्रश्न **1** | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>एक दिन राजा दशरथ शिकार पर गए। जंगल में उन्होंने एक आवाज़ को सुनकर, बिना देखे ही तीर चला दिया। तीर जाकर श्रवण कुमार को लगा, जो पास के एक तालाब से अपने माता-पिता के लिए पानी भर रहा था। वह अपने अंधे माता-पिता का इकलौता पुत्र था। यह जानकर राजा दशरथ को अपने किए पर बहुत पछतावा हुआ। वे लोटे में पानी लेकर श्रवण के माता-पिता के पास पहुँचे। आहट सुनकर श्रवण के माता-पिता बोले, "आ गए बेटा! बहुत देर कर दी प्यास से गला सूख रहा है। लाओ पानी पिला दो।" राजा दशरथ ने कोई उत्तर नहीं दिया और पानी का लोटा श्रवण के माता-पिता के मुँह से लगा दिया। पिता ने दशरथ का हाथ छुआ और बोले, "तुम कौन हो? दशरथ घबरा गए और पानी का लौटा उनके हाथ से छूट गया और उन्होने सारी बात श्रवण के माता -पिता को बता दी। अपने पुत्र की मृत्यु की खबर सुनकर वे बहुत रोए और राजा दशरथ ने उनसे माफी माँगी। | |
| | क) एक दिन राजा दशरथ कहाँ गए ?<br>अ)शहर में (ब)जंगल में (स)शिकार पर (द)नदी पर | |
| | ख) शिकार के समय राजा दशरथ का तीर किसे लगा ?<br>अ)पानी में (ब) श्रवण को (स)लोटे को (द)हाथ को | |
| | ग) पानी का लौटा किसके हाथ से छूट गया ?<br>अ) श्रवण कुमार के (ब)माता के (स)दशरथ के (द)पिता के | |
| | घ) श्रवण नदी किनारे क्या कर रहा था ?<br>उत्तरः वह अपने माता पिता के लिए पानी लेने गया था। | |
| | ङ) राजा दशरथ ने किससे माफी माँगी और क्यों?<br>उत्तरः राजा दशरथ ने श्रवण के माता पिता से माफी माँगी क्योंकि उसकी वजह से श्रवण कुमार की मृत्यु हो गई थी। | |

| | भाग ख - भाषा कौशल | 20 |
|---|---|---|
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) कामनाः - इच्छा चाह (ख) पर्वत- नग पहाड़ गिरि<br>(ग) खग - पक्षी पंछी चिड़िया (घ) वसुधा - पृथ्वी धरती | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों का भेद लिखिए।<br>क) रमजान के तीस दिनों के बाद ईद मनाई जाती है। (व्यक्तिवाचक संज्ञा)<br>ख) अच्छा कार्य न करने पर अध्यापक ने अमित की निंदा की।<br>(जातिवाचक संज्ञा) (भाववाचक संज्ञा)<br>ग) मैंने बचपन में हाथी देखा था। (भाववाचक संज्ञा)<br>घ) पहाड़ों की चढ़ाई बहुत कठिन होती है। (भाववाचक संज्ञा) | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित रिक्त स्थानों को कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्द के अनुसार भरें।<br>क) हिमालय पर्वत की ——ऊँचाई—— बहुत ज़्यादा है। (भाववाचक संज्ञा)<br>ख) हमें अपने ——बच्चों /चीज़ों—— की देखभाल करनी चाहिए। (जातिवाचक संज्ञा) | |
| प्रश्न 5 | दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।<br>(क) आँख - आँखें (ख) माता- माताएँ<br>(ग) युवा - युवावर्ग (घ) मेज़ - मेज़ें | |
| प्रश्न 6 | कोष्ठक में दिए गए शब्दों के वचन बदलकर रिक्त स्थान में लिखिए।<br>(क) भारत में समय समय पर कई ——ऋतुएँ—— आती हैं। ( ऋतु )<br>(ख) ——बच्चे—— आपस में खेल रहे हैं। (बच्चा)<br>(ग) बाज़ार से सारी ——दवाइयाँ—— ले आना । (दवाई)<br>(घ) कक्षा के ——छात्रगण——आपस में चर्चा कर रहे हैं। (छात्र) | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखें।<br>क) हम सब लिफ्ट से ऊपर जाएँगे। (भूतकाल)<br>क) हम सब लिफ्ट से ऊपर गए। (भूतकाल)<br>ख) चिड़िया अपने बच्चों के साथ रहती थी। ( भविष्यत् काल)<br>ख) चिड़िया अपने बच्चों के साथ रहेगी । ( भविष्यत् काल)<br>ग) परिवार के सब लोग मेले में गए थे। (वर्तमान काल)<br>ग) परिवार के सब लोग मेले में जा रहे हैं। (वर्तमान काल) | |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें।<br>(क)रमीला ने फूलदान ——गिरा—— दिया।<br>(ख)शशांक ने गीत ——लिखा——।<br>(ग)सीमा ने अर्चना को पत्र ——भेजा——। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ)पूजा ने पूनम को केक — खिलाया ——— । | |
| प्रश्न 9 | निम्न वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के काल लिखें।<br>क)सबने पाठ पढ़ लिया था। (भूतकाल काल)<br>ख)मेरे चाचाजी आ रहे हैं। (वर्तमान काल)<br>ग)माताजी बच्चों को अख़बार पढ़ा रही है। (वर्तमान काल)<br>घ)छुटटियों में हम सब मुंबई जाएँगे। (भविष्यत् काल) | |
| | भाग ग - साहित्य कौशल | **20** |
| प्रश्न 10 | नीचे दी कविता की पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>घटता बढ़ता रोज़ किसी दिन ऐसा भी करता है<br>नहीं किसी की आँखों को दिखलाई पड़ता है।<br>अब तू ही बता, नाप तेरी किस रोज़ लिवायें,<br>सी दे एक झिंगोला जो हर रोज बदन में आए।<br>क) किसका आकार रोज़ घटता बढ़ता रहता है?<br>उत्तरः चाँद का रोज़ घटता बढ़ता रहता है।<br>ख) इन पंक्तियों के कवि व कविता का नाम लिखिए।<br>उत्तरः इन पंक्तियों की कविता का नाम चाँद का कुरता व कवि श्री रामधारी सिंह दिनकर' हैं।<br>ग) चाँद की माताजी क्यों परेशान हैं?<br>उत्तरः चाँद की माताजी अपने बच्चे को लिए झिंगोला सिलवाने के नाप को लेकर परेशान है।<br>घ) दी गई पंक्तियों में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढकर लिखिए।<br>लिवायें आए करता पड़ता | |
| प्रश्न 11 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में दीजिए।<br>क) चाँद अपनी माँ से क्या सिलवाने की ज़िद कर रहा है और क्यों?<br>चाँद अपनी माताजी से अपने लिए झिंगोला सिलवाने क्योंकि उसे जाड़े के मौसम में ठंड लगती है।<br>ख) कौन सुंदरिया को बेचने से झिझक रहा था व क्यों?<br>उत्तरः हीरा सिंह सुंदरिया को बेचने से झिझक रहा था क्योंकि उसका अपने और अपने परिवार की गाय के साथ भावनात्मक लगाव था।<br>ग) लेखक ने अपने घरवालों के क्रोध का कारण क्या बताया है?<br>उत्तर लेखक के घरवाले इसलिए क्रोधित होते थे क्योंकि वह गुल्ली-डंडा खेलने में इतना मग्न रहता था कि उसे नहाने-खाने की भी सुध नहीं रहती थी। वह समय का ध्यान नहीं रखता था।<br>घ) सेठ हीरासिंह की गाय को देखकर क्यों प्रसन्न हुआ?<br>उत्तर सेठ हीरासिंह की गाय को देखकर इसलिए प्रसन्न हुआ क्योंकि गाय बहुत ही सुंदर और हृष्ट-पुष्ट थी। उसे लगा कि वह गाय बहुत सारा दूध देगी और उसके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 12 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए।<br>क) मेरा बचपन पाठ में से किन्ही दो खेलों का नाम बताते हुए उनके अंतर भी लिखिए।<br><br>उत्तर गुल्ली-डंडाः 1 यह सस्ता है, इसे पेड़ की टहनी से बनाया जा सकता है।<br><br>2 इसे खेलने के लिए किसी लॉन या कोर्ट की ज़रूरत नहीं होती, इसे कहीं भी खेला जा सकता है।<br><br>3 इसे खेलने के लिए कोई फीस नहीं देनी पड़ती।<br><br>विलायती खेल<br><br>• इनके सामान (जैसे बैट, बॉल) बहुत महँगे होते हैं।<br><br>• इन्हें खेलने के लिए विशेष मैदान (जैसे क्रिकेट ग्राउंड, टेनिस कोर्ट) की ज़रूरत होती है। स्कूलों में इन्हें खेलने के लिए फीस देनी पड़ती है।<br>ख) हीरासिंह का बेटे का नाम क्या था ?वह गाय को मौसी कह कर क्यों पुकारता था?<br>उत्तरः हीरासिंह का बेटे का नाम जवाहर सिंह था। वह गाय को मौसी कह कर इसलिए पुकारता था क्योंकि वह केवल गाय नहीं थी बल्कि परिवार का हिस्सा थी। सब उससे बहुत प्यार करते थे व देखभाल करते थे। परिवार का उसके साथ भावनात्मक लगाव था। | |
| प्रश्न 13 | वाक्य पढ़कर बताइए किसने, किससे कहा?<br>(क) " गाय की नौकरी पर मुझे लगा दीजिए।" हीरासिंह ने सेठ से कहा<br>(ख) " मैं तो पहले ही दुह चुका हूँ।" घोसी ने हीरासिंह से कहा | |
| प्रश्न 14 | तथ्यों को सही करके वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) दो बजे से पात्रों की मिलावट शुरु हो जाती थी।<br>क) दो बजे से पात्रों की सजावट शुरु हो जाती थी।<br>(ख) लेखक के गाल पर गिल्ली का दाग आज तक बना हुआ हैं।<br>(ख) लेखक के माथे पर गिल्ली का दाग आज तक बना हुआ हैं। | |
| | भाग घ - लेखन कौशल | |
| प्रश्न 15 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 से 150 शब्दों मे अनुच्छेद लिखें।<br>योग रखे निरोग<br>या<br>आदर्श विद्यार्थी<br>छात्र अपनी रचनात्मकता के आधार पर लिखेंगे। | |